## एक नजर में

### वृद्धजनों के लिए वरदान है आयुष्मान योजना

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। हम वृद्धजनों के लिए वरदान है प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना यह कहना है टीकमगढ़ जिले के निवासी नाथूराम पटैरिया का है। पटैरिया बताते हैं कि 70 वर्ष एवं इससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य हित को ध्यान रखकर प्रधानमंत्री की आयुष्मान भारत योजना लाखों वृद्धजनों के लिए वरदान साबित हो रही है जिसके तहत 5 लाख रूपये तक का नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है।**

श्री पटैरिया ने बताया कि गंभीर बीमारियों में लाखों रूपये अस्पताल, दवाई एवं ऑपरेशन में खर्च हो जाते हैं। लाखों वृद्धजनों के लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना एक वरदान ही है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना में मेरा नाम जोड़ा गया है, जिससे मैं बहुत खुश हूं। श्री पटैरिया ने वृद्धजनों के हित में चलाई गई आयुष्मान भारत योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद किया है।

हम वृद्धजनों के लिए वरदान है प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना यह कहना है टीकमगढ़ जिले के निवासी नाथूराम पटैरिया का है। पटैरिया बताते हैं कि 70 वर्ष एवं इससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य हित को ध्यान रखकर प्रधानमंत्री की आयुष्मान भारत योजना लाखों वृद्धजनों के लिए वरदान साबित हो रही है जिसके तहत 5 लाख रूपये तक का नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है।

# अरिहंत सोनोग्राफी सेंटर की लापरवाही उजागर

**पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत कर चाही कार्यवाही**

**डॉ. शुभांशु जैन पर लगाया गलत जांच रिपोर्ट देने का आरोप**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद चिकित्सकों द्वारा की जा रही अनियमित्ताये थमने का नाम नही ले रही इसका कारण यह है कि कोई पीड़ित अगर चिकित्सकों से संबंधित लापरवाही की कोई शिकायत दर्ज कराता है तो उसे ठण्डे बस्ते में डाल दिया जाता है, जिससे चिकित्सकों के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिला मुख्यालय पर स्थित अरिहंत अल्ट्रासाउण्ड एवं सोनोग्राफी सेंटर से निकलकर सामने आया है। अरिहंत सोनोग्राफी सेंटर के संचालक ने मानवता की सारी हदों को पार करके रख दिया है। जिसके चलते ग्राम दुर्गापुर के एक ग्रामीण ने जिला प्रशासन से शिकायत करते हुए अरिहंत अल्ट्रासांउड एवं सोनोग्राफी सेंटर संचालक पर अपनी गर्भवती पत्नि की गलत जांच रिपोर्ट देने का आरोप लगाते हुए दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।**

दुर्गापुर निवासी पीड़ित मुलायम पाल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि उसकी 23 वर्षीय पत्नि नेहा पाल के गर्भवती होने पर उसका शासकीय चिकित्सालय में 23 जुलाई को उपचार कराया गया, जिसमें महिला चिकित्सक के कहने पर उसने अपनी पत्नि की सोनोग्राफी अरिहंत सीटी स्केन एवं सोनोग्राफी सेंटर पर कराई, जिसके बाद उसने सेंटर के संचालक डॉ. शुभांशु जैन द्वारा दी गई जांच रिपोर्ट को प्राप्त किया। जांच में लेख इम्प्रेशन में एक फीटस/भ्रूण होना बताया गया। जिसके बाद उक्त सोनोग्राफी रिपोर्ट को महिला चिकित्सक से चैक कराया, जिसमें उन्होंने पीड़ित की पत्नि को एक भ्रूण के अनुसार दवा, ट्रीटमेंट एवं भोजन देने की सलाह दी गई। उसने बताया कि इसके बाद 14 अक्टूबर को जब उसकी पत्नि को पेट में दर्द हुआ तब वह पुन: शासकीय चिकित्सालय पहुंचा, जहां उसने एक अन्य महिला चिकित्सक से उपचार कराया। महिला चिकित्सक ने पुन: अल्ट्रासांउड कराने की सलाह दी, जिसके बाद पीड़ित ने अरिहंत सोनोग्राफी सेंटर पहुंचकर जांच की पर्ची दे दी। कुछ देर बाद वहां के कर्मचारी ने किसी अन्य जगह से जांच कराने की बात कही। इसके बाद उसने मुकुल सोनोग्राफी सेंटर पर पहुंचकर जांच कराई, जिसकी रिपोर्ट में इंप्रेशन में 2 फीटस/भ्रूण होना बताया गया। इससे अब फिर से एक बार अरिहंत सोनोग्राफी सेंटर के संचालक की लापरवाही सामने आई है। इससे पहले भी कई लापरवाही आ चुकी है।

### दोंनो नवजात शिशुओं ने तोड़ा दम

पीड़ित मुलायम पाल ने बताया कि 15 अक्टूबर की रात में उसकी पत्नि को प्रसव पीड़ा हुई, इसके बाद उसने अपने घर पर ही एक बच्चे को जन्म दिया। इसके तुरंत बाद रात को ही पीड़ित अपनी पत्नि को शासकीय चिकित्सालय लेकर आया जहां ड्यूटी पर मौजूद महिला चिकित्सक ने पीड़ित की पत्नि को भर्ती कराया। और पहले बच्चे को इंस्टेंट बोर्न चाइल्ड के सुपुर्त कर दिया। अस्पताल में मुलायम की पत्नि ने दूसरे बच्चे को जन्म दिया लेकिन कुछ समय पश्चात अस्पताल की नर्स द्वारा उन्हें बताया गया कि बच्चे की मौत हो गई है। मृत बच्चे को सौंपा गया इसके बाद बताया गया कि पहले वाले बच्चे की हालत नाजुक है और वह भी मृत हो गया है।

### उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने की थी कार्यवाही

शहर के झांसी मार्ग पर स्थित अरिहंत सोनोग्राफी सेंटर के संचालक डॉ. शुभांशु जैन ने एक मरीज की गलत जांच रिपोर्ट देने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग टीकमगढ़ ने दोषी मानते हुए, सेवाओं की कमी का हवाला देकर 55 हजार रुपए का जुर्माना देने का फैसला सुनाया था। यह 55 हजार रुपए की राशि में से फैसला आने की तिथि से 30 दिवस के अंदर 25 हजार रुपए परिवादी, 25 हजार रुपए परिवादी के पुत्र के प्रति सेवा में कमी के लिए एवं अनावेदक क्रमांक 1, क्रमांक 2 संयुक्तत: एवं प्रथकत: परिवाद व्यय के लिए 5 हजार रुपए फरियादी को अदा किए जाने का आदेश जिला उपभोक्ता विवाद प्रतिदोषण आयोग टीकमगढ़ ने किया था, जिसमें अरिहंत सोनोग्राफी सेंटर में सेवाओं की कमी का हवाला दिया था।

## विद्यार्थी परिषद ने मनाया स्त्री दिवस कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज जतारा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने वुधवार को रानी लक्ष्मीबाई की जयंती को स्त्री दिवस के रूप में मनाया। जिसमें अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।**

विद्यार्थी परिषद ने जानकारी देते हुए बताया कि रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर नगर में भव्य शोभा यात्रा एवं छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्त्री दिवस के रूप में रानी लक्ष्मीबाई की जयंती को बड़े ही शालीनता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा जतारा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए स्थानीय बस स्टेंड पहुंची जहां यात्रा के समापन अवसर पर छात्रा सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जतारा जनपद अध्यक्ष श्रीमती रेखा महेश यादव रहे। वहीं वरिष्ठ अतिथि के रूप में कालेज के प्रोफेसर लीना कुलथिया एवं प्रोफेसर मृदुला स्वर्णकार शामिल रहे। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री विनीत तिवारी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का उद्देश्य है कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए। छात्रों को नेतृत्व प्रदान करना परिषद का प्रमुख दायित्व है। इस कार्यक्रम में पूर्व सासंद प्रतिनिधि सुनील बंटू शर्मा, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुकेश अहिरवार, जनपद सदस्य अजेन्द्र दांगी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अंशुमन चौरसिया, विद्यार्थी परिषद के भाग संयोजक कपिल प्रजापति, नगर अध्यक्ष जयन्द्रे चंद्रवार, पूर्व कार्यकर्ता पीयूष साहू सहित सैंकड़ों की संख्या में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहीं।

# बाबा साहब की दरगाह पर हुआ कव्वालियों का मुकाबला



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के किले में स्थित हजरत सैयद खलका वाले बाबा की दरगाह पर मंगलवार की रात्रि को उर्स मुबारक की शुरूआत की गई। जिसमें देर रात शानदार कव्वालियों का मुकाबला हुआ।**

हर साल की तरह इस वर्ष भी 17वां बाबा का उर्स मुबारक संपन्न कराया गया। इस उर्स मुबारक को लेकर पूरी तैयारियां पहले से ही की जा चुकी थी। उर्स के मौके पर देश के दो मशहूर कव्वाल साकिब अली साबरी एवं हाजी मुकर्रम बारसी टीकमगढ़ पहुंचे। जहां दोनो कव्वालो ने कार्यक्रम में शानदार कव्वाली पेश की। जिसमें मंगलवार की देर रात तक हजारों की संख्या में मौजूद दर्शक कव्वालियों का आनंद लेते रहे। इस दौरान नगर पालिका प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। साथ ही पुलिस व्यवस्था भी यहां मुस्तेद रही। शहर के किले में स्थित हजरत सैयद खलका वाले बाबा की दरगाह पर मंगलवार की रात्रि को उर्स मुबारक की शुरूआत की गई। जिसमें देर रात शानदार कव्वालियों का मुकाबला हुआ। उर्स के मौके पर देश के दो मशहूर कव्वाल साकिब अली साबरी एवं हाजी मुकर्रम बारसी टीकमगढ़ पहुंचे। कव्वालों ने कार्यक्रम में शानदार कव्वाली पेश की। इस कार्यक्रम को लेकर सभी वर्गों के लोंगो में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने अपना-अपना सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## किसान सम्मान निधि में नाम जोड़ने की मांग

**नवभारत न्यूज पलेरा। विकासखंड अंतर्गत ग्राम कपासी निवासी जमुना रजक ने किसान सम्मान निधि में नाम जोड़े जाने की मांग की है।**

पीड़ित जमुना ने बताया कि संबंधित पटवारी से लगातार किसान सम्मान निधि में नाम जोड़े जाने की मांग लगभग 15 दिनों से की जा रही है। मगर पटवारी की लापरवाही के चलते पीड़ित का किसान सम्मान निधि में नाम नहीं जोड़ा जा रहा है, जिसके कारण पीड़ित जमुना रजक को देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को दी जाने वाली राशि का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## लैला मजनू अभियान के तहत की संदिग्धों से पूछताछ



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह के निर्देशन में महिला थाना प्रभारी द्वारा लैला मजनू अभियान के तहत शहर के पास स्थित गऊघाट में संदिग्धों से पूंछतांछ कर की गई वैधानिक कार्यवाही की गई है।**

पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम,एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में महिला थाना प्रभारी श्रीमति सुषमा श्रीवास्तव एवं सह थाना स्टाफ द्वारा लैला मजनू अभियान के अतर्गत शहर टीकमगढ़ के पास स्थित गऊघाट पर घूम रहे मजनुओं,संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई व घूमने का वैध कारण न बता पाने पर वैधानिक कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक सुषमा श्रीवास्तव ,उप निरीक्षक धनवंती एवं महिला थाना का पुलिस स्टाफ शामिल हुआ। पुलिस अधीक्षक निर्देशन में महिला थाना प्रभारी द्वारा लैला मजनू अभियान के तहत कार्यवाही की गई है।

# बोरिंग का विरोध करने पर लाठी डंडे से की मारपीट

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। टीकमगढ़ जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र के ककरवाहा गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में दो लोगों को गंभीर रूप से चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफमामला दर्ज किया है। बुधवार को घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।**

मंगलवार को थाने में ककरवाहा निवासी सुबेर लोधी ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके खेत के पास सत्यव्रत,मधुकर और सुजान बुन्देला पानी के लिए बोरिंग करवा रहे थे। जब उन्होंने बोरिंग के लिए मना किया तो तीनों गाली गलौज करने लगे। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। इसी दौरान वे लोग जबरन बोरिंग करवाने लगे। जब सुबेर सिंह ने मना किया तो सत्यव्रत ने अपने साथियों के साथ लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे सुबेर के पिता इमरत लोधी के साथ भी तीनों ने मारपीट की। बड़ागांव टीआई ने बताया कि घटना में इमरत लोधी और उनकी पत्नी को गंभीर रूप से चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों को मेडिकल परीक्षण के लिए स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव भेजा। देर रात पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

# नोडल अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्या सुनकर किया निराकरण



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशानुसार प्रशासन गांव की ओर योजना अंतर्गत आज नोडल अधिकारियों द्वारा अलग-अलग ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया तथा कुछ समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया एवं जटिल समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।**

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अवधेश शर्मा की अभिनव पहल प्रशासन गांव की ओर योजना अंतर्गत प्रत्येक जिले की सभी ग्राम पंचायतों के लिये नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई की जा रही है, जिसके अंतर्गत ग्रामों की आधारभूत आवश्यकताओं एवं शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। जनसुनवाई के दौरान नोडल अधिकारियों ने ग्रामीणजनों से चर्चा कर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने ग्रामों में गौशाला, अमृत सरोवर, आंगनवाड़ी, विद्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र, राशन दुकानों सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण भी किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान आमजनता से प्राप्त पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, सीमांकन, कल्याणी तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण, जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण हेतु प्रेषित किया गया। कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशानुसार प्रशासन गांव की ओर योजना अंतर्गत आज नोडल अधिकारियों द्वारा अलग-अलग ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया तथा कुछ समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

## वाहनों को चैक कर की चालानी कार्यवाही

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा टीकमगढ़ जिले के समस्त थाना,चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत यातायात नियमों के पालन कराने,सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं अवैध गतिविधियों को रोकने हेतु मुख्य मार्गों एवं सीमांत क्षेत्रों में सघन वाहन चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है।**

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, अनुबिभागीय अधिकारी पुलिस टीकमगढ़ एवं जतारा के मार्गदर्शन में समस्त थाना, चौकी प्रभारियो द्वारा सघन वाहन चेकिंग कर 84 वाहनों पर बिना हेलमेट,अवैध हूटर,काली फ़िल्म,बिना नंबर प्लेट,मॉडिफाइड साइलेंसर होने पर चालानी कार्यवाही कर 29300/ रूपए का समन शुल्क बसूला गया एवं हेलमेट लगाने,सीट बेल्ट बांधने ,नंबर प्लेट लगाने ,मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग न करने,काली फ़िल्म न करने व सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु समझाया गया साथ ही सरकार द्वारा यातायात दुर्घटनाओं में दुर्घटना ग्रस्त चालक,व्यक्ति की मदद करने हेतु चलाई जा रही गुड सेमरिटन योजना से आमजन को जागरूक कराया जा रहा है ताकि आमजन में दुर्घटनाग्रस्त की मदद करने के प्रति जागरूकता आए।

पुलिस कप्तान श्री मंडलोई ने यातायात नियमों के पालन कराने,सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं अवैध गतिविधियों को रोकने हेतु मुख्य मार्गों एवं सीमांत क्षेत्रों में सघन वाहन चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**आयोजन** ▶ माँ सरस्वती का पूजन कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस युवा उत्सव आयोजित



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टीकमगढ़ में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ केएल जैन पूर्व क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रहे एवं अध्यक्षता अध्यक्ष जनभागीदारी समिति ने की।**

कार्यक्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ प्रवीण झाम, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. इंद्रजीत जैन एवं छात्र नेता एवं सदस्य जनभागीदारी समिति अजय गौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका में शहर के गणमान्य व्यक्तित्व डॉ एचपी सिंह, राकेश टडैया, सत्यनारायण तिवारी , गोविंद पटेरिया ,एवं वीरेन्द्र चन्सोरिया रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्रीमती रजनी राय ने किया एवं आभार प्रदर्शन महाविद्यालय युवा उत्सव प्रभारी डॉ. प्रतीक्षा चौबे द्वारा किया गया। साहित्यिक रूपांकन तथा रंगोली के विधाओं में जिला टीकमगढ़ एवं निवाड़ी के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजन के द्वारा किया गया। तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य डॉक्टर केसी जैन द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर एबी खरे डॉक्टर आईपीएस गहरवार डॉक्टर शशि प्रभा जैन, डॉ. वीएस शाक्य, डॉ. आस्था द्विवेदी, डॉ प्रियंका दांगी ,डॉ.ज्योति पटेल, कुमारी स्तुति झा, डॉ रूपेश लुहारिया, डॉ. जितेंद्र पांडे डॉक्टर सौमित्र बैनर्जी, डॉ अमर प्रकाश पाण्डेय, डॉ मुकेश अहिरवार, डॉ हरिमोहन राय, डॉ सिद्धनाथ खजुरिया, डॉक्टर नरेंद्र तिवारी, डॉक्टर राम रतन कुशवाहा, डॉ डीडी भारती राहुल ताम्रकार, अनिल झा, श्रीमती फराह नाज, एवं डॉक्टर अमर ज्योति कोल, तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ केएल जैन रहे।

### महाविघालयों के विघार्थियों ने निभाई सहभागिता

विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका में शहर के गणमान्य व्यक्तित्व डॉ एचपी सिंह, राकेश टडैया, सत्यनारायण तिवारी , गोविंद पटेरिया ,एवं वीरेन्द्र चन्सोरिया रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्रीमती रजनी राय ने किया एवं आभार प्रदर्शन महाविद्यालय युवा उत्सव प्रभारी डॉ. प्रतीक्षा चौबे द्वारा किया गया। साहित्यिक रूपांकन तथा रंगोली के विधाओं में जिला टीकमगढ़ एवं निवाड़ी के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

## आज से शुरू होगी एकता पदयात्रा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री आज गुरूवार 21 नवंबर से सनातन हिंदू एकता पदयात्रा शुरू करेंगे। पदयात्रा का रूटचार्ट तय हो गया है।**

यह पदयात्रा 154.5 किलोमीटर की रहेगी। जिसको लेकर बम्होरीकलां निवासी अनुज रजक और प्रशांत रजक के द्वारा जगह.जगह होर्डिंग पोस्टर लगाकर लोगों को पदयात्रा में शामिल होने की अपील की जा रही है। साथ ही पीले चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोगों को जात पात एवं भेद.भाव मिटाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बागेश्वर धाम से शुरू हो रही सनातन एकता पदयात्रा 29 नवंबर को पवित्र नगरी ओरछा पहुंचेगी। नौवें दिन ओरछा में पदयात्रा का समापन होगा। पदयात्रा का रूटचार्ट तय हो गया है।

## 2 दिसंबर तक चलेगा स्वाभिमान पखवाड़ा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बल्देवगढ़ नगर में 2 दिसंबर तक स्वाभिमान भी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शहरी पथ विक्रेताओं को ऋण वितरित करने एवं हितग्राहियों की प्रोफाइलिंग का काम किया जा रहा है।**

जिससे हितग्राहियों को 8 जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, जननी सुरक्षा योजना, जन धन योजना, मातृवंदना से जोड़ा जा सके। बल्देवगढ़ नगर में 2 दिसंबर तक स्वाभिमान भी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शहरी पथ विक्रेताओं को ऋण वितरित करने एवं हितग्राहियों की प्रोफाइलिंग का काम किया जा रहा है। जिससे हितग्राहियों को 8 जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया जाएगा।


### आवश्यक सूचना

दैनिक नव भारत भोपाल संस्करण का टीकमगढ़ में नवीन जिला कार्यालय सिविल लाईन रोड़ ईदगाह मार्केट के ऊपरी मंजिल की दुकान नंबर 60 में पहुंच गया है। अब नव भारत समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन/विज्ञापन प्रकाशन हेतु नवीन कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

**नव भारत, टीकमगढ़ जिला कार्यालय**
सिविल लाईन रोड़ ईदगाह मार्केट के ऊपरी तल
में दुकान नंबर 60
**आमिर खान, जिला ब्यूरो, टीकमगढ़ ( म.प्र. )**
**मोबाईल नंबर :- 7987381176, 8602345279**